न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :—अनिल कुमार आर.ए.एस.

राजस्व वाद संख्या — 57/2024

बनाम

वादी
रावताराम दतक पुत्र लालाराम जाति जाट निवासी
जाखड़ो का तला तहसील रामसर।

प्रतिवादी
1. तहसीलदार रामसर।

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88 राज0काश्त0 अधिनियम सही नाम की घोषणा बाबत।

निर्णय

दिनांक 20.01.2025

संक्षेप में वाद के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा जाखड़ो का तला पटवार मण्डल खड़ीन के खसरा संख्या 841, 878 रकबा 4.3787, 0.9146 हेक्टयर की भूमि आयी हुयी है जिसमें वादी की वाल्दियत रावताराम पुत्र सुराराम का अंकन किया गया है तत्पश्चात वादी को सन 1989 में जेतीदेवी पत्नि लालाराम द्वारा जरिये रजिस्टर्ड गोदनामें के तहत दतक पुत्र के रूप में गोद लिया गया जिससे अन्य खातेदारी खेत व समस्त आवश्यक दस्तावेज में वादी का नाम गोदनामे के आधार पर वादी की वाल्दियत रावताराम दतक पुत्र लालाराम दर्ज हो गई है जबकि उक्त खातेदारी का खेत वादी को दतक लेने से पूर्व सन 1980 में कय किया गया होने से उस समय वादी की वाल्दियत पाकृतिक पिता के साथ रावताराम पुत्र सुराराम दर्ज किया गया है जो कि वर्तमान में वादी गोदनामे के आधार पर वादी के अन्य खातेदारी खेत व समस्त आवश्यक दस्तावेजात यथा आधार कार्ड मतदाता पहचान पत्र पेन कार्ड राशनकार्ड बैंक डायरी इत्यादि में वादी का नाम रावताराम दतक पुत्र लालाराम दर्ज है इस कारण रावताराम पुत्र सुराराम के स्थान पर वादी की सही वल्दियत रावताराम दतक पुत्र लालाराम दर्ज करने हेतु द्वारा वाद पत्र इस न्यायालय में दिनांक 05.12.2024 को दर्ज किया गया।

वाद दर्ज रजिस्टर कर किया गया। पत्रावली के अवलोकन एवं संलग्न दस्तावेजों के अध्ययन के आधार पर वादी का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा जाखड़ो का तला पटवार मण्डल खड़ीन के खसरा संख्या 841,878 रकबा 4.3787, 0.9146 हेक्टयर में वादी के पिता का नाम **रावताराम पुत्र सुराराम के स्थान पर रावताराम दतक पुत्र लालाराम** दुरस्त करने के आदेश पारित किये जाते है।

तहसीलदार रामसर को तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है।

यह आदेश आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
सहायक कलक्टर रामसर
सहायक कलक्टर रामसर

दिनांक 20.01.2025

कलक्टर (एस.डी.ओ.) सहायक रामसर जिला बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Anil Kumar
Date: 2025.01.28 12:45:17 IST
Reason: SelfAttested

क्रमांक : रीड़र/2025/ 57-58

प्रतिलिपि :—
1. तहसीलदार रामसर।
2. वादी रावताराम दतक पुत्र लालाराम जाति जाट निवासी जाखड़ो का तला तहसील रामसर।

सहायक कलक्टर रामसर
रामसर